# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

एम. एस. जे. महाविद्यालय, भरतपुर -321001

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2020 / 2061 दिनांक : 22.6.2020

## D.L.L. (One Year) & LL.B. Sem. VI के परीक्षा फार्म भरने की सूचना

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से सम्बद्ध भरतपुर एवं धौलपुर जिलों के स्थित महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा-2020 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया से वेबसाईट **www.msbuexam.in** एवं विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** से भरे जाने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता है :-

| क्र.सं. | पाठयक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रूपये 100/- सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | डी.एल.एल. एक वर्षीय | 25.06.2020 से 03.07.2020 | 04.07.2020 से 08.07.2020 |
| 2 | एलएल.बी. सेमेस्टर VI | | |

**नोट :**

1. उक्त अनुसार तिथियों में तिथि से अभिप्रायः प्रातः 12:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11:59 बजे समाप्त होने वाले समय से है।
2. विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबवाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** का अवलोकन करें। परीक्षा फार्म सावधानी-पूर्वक भरें। विस्तृत जानकारी के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की हैण्डबुक के सम्बन्धित नियम/परिनियम/आर्डिनेन्स राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर उपलब्ध हैं, जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप में लागू हैं।

## अन्य आवश्यक सूचनाएं एवं दिशा-निर्देश

**1. परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश :**

A. नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं, वहाँ पर जमा करवायें।

B. पूर्वछात्र परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे।

**2. परीक्षा आवेदन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :**

(क) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **msbuexam.in** पर संबंधित कक्षा की श्रेणी यथा (नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्वछात्र) का चयन कर अध्ययन किए गए विषयों का चयन करते हुए ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरें।

(ख) फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात भरे गए फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन ई-मित्रा, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक एवं पी.एन.बी. बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिंट तीन प्रतियों में निश्चित रूप से लें। परीक्षार्थी ध्यान रखें :-

**(i) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती हैं तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें।**

**(ii) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनायें सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।**

**(iii) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।**

**(iv) यदि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क का ट्रान्जेक्शन फेल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में वेबसाईट पर उपलब्ध हेल्पलाईन नं. पर सम्पर्क करें।**

(ग) इसके बाद छात्र अपनी सुविधानुसार Debit Card/ Credit Card/Internet Banking/UPI से भुगतान करने के पश्चात् आवेदन पत्र की हार्डकॉपी का प्रिंट आउट प्राप्त कर परीक्षा फॉर्म पर अंकित सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक Documents के साथ अगले दो कार्यदिवसों में जमा करावें।

(घ) **नियमित विद्यार्थी ई-मित्र पर विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क जमा कराने से पूर्व महाविद्यालय द्वारा आपको प्रदान किए गए वैकल्पिक विषयों का सत्यापन करावें।**

3. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मों पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई परीक्षार्थी डाक से आवेदन-पत्र की हार्डकॉपी प्रेषित करता है तो उसका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

4. **समस्त परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् विशेष परिस्थिति में ही Penalty के साथ परिवर्तन संभव होगा।**

5. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा**

**A.** पूर्व/नियमित परीक्षार्थी के फॉर्म में गलती होने पर परीक्षा फॉर्म की दोनों प्रतियों में गलती को लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करायें। परीक्षा फॉर्म में एक गलती पर ₹ 100/- एवं एक से ज्यादा गलती होने पर अधिकतम ₹ 200/- महाविद्यालय में जमा करना होगा। परीक्षार्थी का अगर उसी फॉर्म में दोबारा गलती ठीक करनी पडती है तो ₹ 200/- प्रति गलती एवं एक से अधिक गलती पर अधिकतम ₹ 300/- जमा करने पर सुधार संभव होगा।

**B.** विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म जमा करने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में सुधार करना पडता है तो प्रति गलती ₹ 200/- एवं एक से अधिक गलती पर अधिकतम ₹ 300/- जमा करने पर सुधार संभव होगा।

**C.** सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्मों की सावधानी पूर्वक जॉच कर लें। जॉच के उपरान्त भी **यदि परीक्षा फॉर्म में त्रुटियॉ पाई जाती हैं तो उनके लिए प्राचार्य जिम्मेदार होंगे** तथा जॉच उपरान्त प्राप्त परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती के लिए ₹ 400/- प्रति परीक्षा फॉर्म संशोधन पर सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होगें।

**D.** महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से परीक्षा फॉर्म में सुधार से प्राप्त राशि विश्वविद्यालय को जमा करानी होगी। यह राशि बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को देय होगी।

6. महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के अतिरिक्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका संलग्न करें।

उक्त मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) की प्राप्ति महाविद्यालय सुनिश्चित कर विश्वविद्यालय को तदनुसार सूचित करें। यथासंभव बिना माईग्रेशन परीक्षा फॉर्म वेरिफाई नहीं किये जावें। **विशेष परिस्थिति में बिना माईग्रेशन के परीक्षा फॉर्म भरवाये गये छात्रों की सूची तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत रू. 50 के नॉन ज्युडिशियल मय शपथ पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।**

7. जो छात्र पूर्व में ही इस विश्वविद्यालय में नामांकित है और अगले सैमेस्टर के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें भी अपनी गत उत्तीर्ण सैमेस्टर की अंकतालिका की स्वयं सत्यापित छाया प्रति परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

8. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आंवटित करने संबंधी सूचना उनके परीक्षा प्रवेश-पत्र में अंकित कर उपलब्ध करायी जायेगी।

9. **परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुसार ही भरें।**

10. **शुल्क जमा कराने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।**

11. परीक्षा 2020 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क, स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क एवं विकास शुल्क निम्नानुसार है :-

## I – व्यावसायिक स्तर (Professional) की परीक्षा-2020 के लिए परीक्षा शुल्क

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | |
|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex- Students |
| 1. | D.L.L. | ₹ 1570/- | ₹ 1820/- |
| 2. | LL.B. Sem. VI | ₹ 1690/- | ₹ 1940/- |
| 3. | Physically Challenged Students of Above Category | ₹ 590/- | ₹ 670/- |

## II - Candidate Not Enrolled with the University will have to pay the following

| S. No. | Enrollment Fee & Eligibility Fee | Fee for session 2019-20 |
|---|---|---|
| 1. | Enrollment Fee | 240/- |
| 2. | Eligibility Fee (For those candidates who have passed their qualifying exam from other than the MSBU, Bharatpur) | 240/- |

## III Sports and Development/ Special Development Fees

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Sports and Development Fee (Reglur Student only) | 60/- |
| 2. | Special Development Fee (All students) | 30/- |

## IV – Practical Fee for Exam 2020

| S. No. | Name of Exam | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा के लिए | ₹ 130/- | ₹ 130/- | ₹ 130/- |
| 2. | ड्यू पेपर | ₹ 430/- Per Due Paper (For all courses) | | |

उक्तानुसार परीक्षा शुल्क सारणी में अंकित :

- Eligibility Fee ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसने अर्हक परीक्षा (Qualifying Exam) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर/महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से भिन्न किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।

**नोट :-**

I. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध मे वरिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जो कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा सामान्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

II. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त बिन्दु संख्या-I में वर्णित के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नही लिया जावे।

परीक्षा नियंत्रक 22.6.20

क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2020 / 2062-70

दिनांक : 22/6/20

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :-**

1. I. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म सही है एवं दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। **परीक्षा फॉर्म के साथ इन्टरनेट से निकलने वाली अंकतालिका मान्य नहीं होगी।** निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा-निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड आवश्यक रूप से अंकित करें।

II. संबंधित महाविद्यालय में जमा होने वाले ऐसे आवेदन पत्र जिनमें राजस्थान शिक्षा बोर्ड/महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से पृथक मार्कशीट/ प्रव्रजन प्रमाण पत्र संलग्न हो, को पृथक से सूचीबद्ध किया जावेगा।

III. सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा-2020 के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में अन्तिम तिथि के उपरान्त पॉच कार्य दिवसों में पूर्ण जाँच करके जमा करावें।

IV. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोतर पूर्वार्द्ध कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों पर आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ-पत्र संबंधित प्राचार्यो द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्रों की सूची के साथ प्रेषित करेंगे।

V. **नियमित छात्र/छात्राओं की निर्धारित उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें अन्यथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित कॉलेज ही जिम्मेदार होगा।**

VI. सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन-पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी है। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे - परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किये गये अनिवार्य विषयों के नाम, प्राप्तांको का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते है तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित महाविद्यालय पर जमा करें। **ई-मित्र के द्वारा देय रसीद की फोटोप्रति के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें, छात्र इस रसीद को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखे। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रखें तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाएं आदि संलग्न हों।** उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होगा।

2. वित्त नियंत्रक, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करे कि परीक्षा-2020 हेतु ई-मित्र कियोस्क एवं बैंक पेमेंट गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का भी श्रम करें।
3. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि MOU की शर्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के खाते में T+2 दिवस में जमा होना सुनिश्चित करने का श्रम करें अन्यथा MOU की शर्तानुसार ब्याज राशि 12 प्रतिशत की दर से देनी होगी। सम्बन्धित ई-मित्र कियोस्क को यह भी सुनिश्चित करावे कि एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं हो और ई-मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होना चाहिए।
4. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
5. निजी सचिव, माननीय कुलपति/कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव प्रथम एवं द्वितीय/सेलर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
7. ओ.आई.सी., वेबसाईट को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
8. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।
9. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि बिन्दु संख्या 1 (i) के अनुसार परीक्षा फॉर्म एकत्रित करवाने की व्यवस्था करवायें।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार भरतपुर एवं धौलपुर जिले में प्रकाशित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं राष्ट्रदूत) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
11. छात्र कल्याण अधिष्ठाता (DSW), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
12. Manager, ICICI Bank, Bharatpur
13. Manager, PNB Bank, Bharatpur
14. रक्षित पत्रावली

22.6.20

परीक्षा नियंत्रक